तापमान

अधिकतम 31.4 डिग्री

न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि

रायपुर, सोमवार 3 मार्च 2025



12 कोटागांव व्यपर्तन नहर लाइनिंग में अनियमितता का आरोप...





12 धनोरा में धूमधाम से मनाया गया शाकंभरी ...






## खबर संक्षेप

### नगर पंचायत गुण्डरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद सहित सभी पार्षद आज लेंगे शपथ

**गुण्डरदेही।** नगर पंचायत गुण्डरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद जैन एवं सभी 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह 3 मार्च सोमवार को साप्ताहिक बाजार में रखा गया है। समारोह प्रातः 10.30 बजे से होगा। शपथ ग्रहण समारोह में मुख्य रूप में सांसद भोजराज नाग, पूर्व सांसद मोहन मंडावी, पूर्व विधायक विरेन्द्र साहू, राजेंद्र राय, भाजपा जिला अध्यक्ष चेमन देशमुख शामिल होंगे। नगर पंचायत अध्यक्ष प्रमोद जैन ने नगरवासियों से अधिक संख्या में शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने की अपील की है। कार्यक्रम के दौरान नगर पंचायत गुंडरदेही के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रमोद जैन के साथ ही पार्षद पोषण निषाद, हरीश निषाद, संतोष नेताम, लोकेश्वरी यादव, विजय सोनकर, रामबती सोनकर, हेमंत सोनकर, सुलताना तिगाला, सलीम खान, हेमलता सोनी, पूजा बिंझेकर, शैल महोबिया, फैज बख्स, सेवक महिपाल व रोमलाल शपथ ग्रहण करेंगे।



### अरमरीखुर्द में हुई कबड्डी प्रतियोगिता



**जामगांव आर।** ग्राम अरमरीखुर्द में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला पंचायत प्रतिनिधि नारद साहू एवं जामगांव आर भाजपा मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू उपाध्यक्ष टेसराम साहू मंचासिन रहे। इस अवसर पर बूथ अध्यक्ष रेवाराम साहू, पंच मकसूदन साहू, पंच सेवाराम साहू, डॉ देवेंद्र साहू, ईश्वर साहू, पोखन यादव, भोज साहू, गौकरण साहू, संजू साहू लोक गायक उपस्थित थे।

### डौंडीलोहारा नगर पंचायत अध्यक्ष व पार्षदों का शपथ ग्रहण 5 को

**डौंडीलोहारा।** नगर पंचायत डौंडीलोहारा के नवनिर्वाचित अध्यक्ष लाल निवेन्द्र सिंह टेकाम एवं सभी 15 पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह आगामी 5 मार्च को रखा गया है। शपथ ग्रहण समारोह दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव एवं पूर्व गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा की उपस्थिति में होगा। आगामी 10 मार्च को नगर पंचायत उपाध्यक्ष का चुनाव होगा।



# नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रदीप सहित सभी पार्षद आज लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

नगर पंचायत में आज नवनिर्वाचित अध्यक्ष एवं पार्षदों का शपथ ग्रहण होगा। समारोह दोपहर दो बजे होगा। समारोह के मुख्य अतिथि जिला भाजपा अध्यक्ष चेमन देशमुख होंगे, अध्यक्षता भाजपा मण्डल अध्यक्ष कौशल साहू करेंगे। शपथ ग्रहण समारोह नगर पंचायत कार्यालय प्रागंण में होगा। इसे लेकर प्रशासन ने भी पूरी तैयारी कर ली है।

अध्यक्ष के चेम्बर का रंग रोगन के साथ नवीन सेटअप तैयार किया गया है। समारोह के विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक गुण्डरदेही विरेन्द्र साहू, पूर्व विधायक संजारी बालोद प्रीतम साहू, पूर्व सदस्य राज्य बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली यशवंत जैन, पूर्व अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद पवन कुमार साहू, पूर्व अध्यक्ष भाजपा जिला बालोद कृष्णकांत पवार, पूर्व मंत्री छ.ग प्रदेश भाजपा राकेश यादव, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका बालोद यज्ञदत्त शर्मा, पूर्व अध्यक्ष नगर पंचायत गुरूर नंदकिशोर शर्मा, पूर्व अध्यक्ष जनपद पंचायत गुरूर ईशा प्रकाश साहू, अध्यक्ष भाजपा मंडल मिर्रीटोला टुकेश्वर पाण्डे, अध्यक्ष भाजपा मंडल सनौद खेमलाल देवांगन, पूर्व अध्यक्ष भाजयुमो गुरूर चन्द्रप्रकाश गांधी उपस्थित रहेंगे।

## नगर पंचायत गुरूर कार्यालय प्रागंण में होगा शपथ ग्रहण समारोह



### सातवें अध्यक्ष होंगे प्रदीप



14 मई 2003 को नगर पंचायत बनने के बाद बीते 22 सालों में नगर ने 6 अध्यक्षों का कार्यकाल देखा है। प्रदीप साहू नगर के सातवें अध्यक्ष होंगे। नगर के प्रथम अध्यक्ष गिरधर ठाकुर रहे थे। वे पहले सरपंच निर्वाचित हुए थे। नगर पंचायत बनने के बाद वे अध्यक्ष बने। उनके बाद कांग्रेस की वर्षा साहू, फिर भाजपा के नंद किशोर शर्मा अध्यक्ष बने। श्री शर्मा के बाद लगातार दस साल तक नगर पंचायत पर कांग्रेस का कब्जा रहा। इस दौरान कांग्रेस के टीकाराम साहू एवं टिकेश्वरी साहू ने अध्यक्ष की जिम्मेदारी संभाली। हालांकि टिकेश्वरी साहू को पार्षदों ने अविश्वास प्रस्ताव लाकर हटा दिया था, जिसके बाद कांग्रेस की ही महिमा साहू अध्यक्ष बनी थीं।

### 10 साल रहा कांग्रेस का वर्चस्व

नगर पंचायत में लगातार दस साल तक रहे कांग्रेस के वर्चस्व को तोड़ते हुए भाजपा के प्रदीप साहू ने पार्टी का झण्डा मजबूत किया है। भाजपा शपथ ग्रहण को व्यापक व भव्य रूप देकर इसे यादगार बनाना चाहती है जिसकी तैयारी पूरी हो चुकी है।

## घटना : बाराती लेने दुर्ग से दल्लीराजहरा पहुंची बस जलकर हुई खाक

# पहले फायर ब्रिगेड का गेयर उखड़ा, दूसरी में पानी कम, तीसरी के पहुंचते तक सब कुछ खाक






हरिभूमि न्यूज ▶▶| दल्लीराजहरा/बालोद

शनिवार व रविवार की दरमियानी रात्रि लगभग 4 बजे बाराती लेने के लिए दुर्ग से दल्लीराजहरा पहुंची एक बस में आग लग गई। आग लगने से बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई।

- तत्काल आग पर काबू पा लिए जाने से टली बड़ी घटना

मिली जानकारी के अनुसार दुर्ग से मनीष ट्रेवल्स की एक बस बाराती लेने के लिए दल्लीराजहरा बस स्टैंड पहुंची थी, जिसमें अज्ञात कारणों से आग लग गई। वहीं, घटना की सूचना पर पहुंची फायर ब्रिगेड की टीम ने घटनास्थल पहुंचकर आग पर काबू पाया, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो गई थी। लेकिन फायर ब्रिगेड के पहुंचकर आग बुझाने से बड़ी घटना टल गई, क्योंकि जिस बस में लाग लगी, उसके पास ही पेट्रोलियम टैंकर भी खड़ा था। इसके साथ ही आसपास दर्जनों बसें भी खड़ी थीं। यदि आग बुझाने में देर होती, तो घटना भयंकर हो सकती थी। लेकिन आग लगने के बाद फायर ब्रिगेड में अव्यवस्था भी नजर आई। आग लगने की सूचना पाकर फायर ब्रिगेड की गाड़ी पहुंची, लेकिन जैसे ही उसे चालू किया गया, तो उसका गेयर लिवर उखड़ गया, इससे पानी नहीं डाला जा सका। उसके बाद फायर ब्रिगेड की दूसरे गाड़ी बुलाई गयी, जिसमें पानी कम होने के कारण कुछ देर में ही पानी खाली हो गया। उसके बाद आननफानन में तीसरी गाड़ी बुलाई गई, लेकिन तब तक बस पूरी तरह जलकर खाक हो चुकी थी। हिंदुस्तान पेट्रोलियम का टैंकर पास खड़ा था इसके अलावा पास खड़ी बस में भी आग लगने की जानकारी मिल रही थी, जिसे तत्काल हटा लिया गया था। आगजनी की इस घटना से आसपास रहने वाले ▶▶| शेष पेज 10 पर



### चालक-परिचालक ने खिड़की से कूदकर बचाई जान

बताया जा रहा है कि बस में देर रात आग लगने के दौरान उसमें ड्रायवर और कंडक्टर सोए हुए थे। बस मे आग लगने की भनक लगते ही ड्रायवर के साथ कंडक्टर ने बस की खिड़की से कूदकर अपनी जान बचाई। उसके बाद आस पास के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन कड़ी मशक्कत के बाद भी आग नहीं बुझाया जा सकी।

### बसों की नियमित जांच और रखरखाव करते रहें

दल्ली राजहरा थाना प्रभारी सुनील तिर्की ने बताया कि घटना की जानकारी मिलते ही तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचित कर आग पर काबू पाया गया। उन्होंने कहा कि आग लगने की घटना को गंभीरता से लेते हुए आसपास के सीसीटीवी फुटेज कैमरों को खंगाला जा रहा है। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि बसों की नियमित जांच और रखरखाव की जाए। सभी बसों में अग्निशमन यंत्र अनिवार्य किया जाए, फायर ब्रिगेड की उपलब्धता में सुधार हो, ताकि समय पर सहायता मिल सके।

# सड़क पार कर रही गायों पर चढ़ी तेज रफ्तार पिकअप, तीन की मौके पर मौत, 6 घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर

तेज रफ्तार पिकअप सड़क पर चल रहे गौ वंशों के समूह पर चढ़ गई। घटना इतनी भयंकर थी कि तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई। घटना में कम से कम 6 गायों के घायल होने की बात भी सामने आई है। घटना के बाद ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। घटना ग्राम भरदा की है। मिली जानकारी के अनुसार दोपहर करीब तीन बजे ग्राम की गायों को चराने ग्राम का चरवाहा सड़क पार कर रहा था। इसी बीच बालोद की ओर से आ रही पिकअप क्रमांक सीजी 24 एस 2807 के चालक ने सड़क पार कर रही गायों के समूह पर वाहन चढ़ा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि पिकअप की रफ्तार इतनी अधिक थी कि वाहन की टक्कर से 3 गायें तीन दिशा में 20 मीटर दूर तक उछलकर फेंका गई। तीनों ने ही घटना के तुरंत बाद दम तोड़ दिया। प्रत्यक्षदर्शियो का दावा है कि वाहन चालक नशे में था और वाहन की गति बहुत तेज थी। घटना ग्राम के मध्य भीड़ भाड़ वाले क्षेत्र में हुई है। उन्होंने कहा कि वाहन चालक ने गांव ▶▶| शेष पेज 10 पर

- ग्राम भरदा की घटना, वाहन की टक्कर से 20 मीटर तक छिटक गईं गायें



- दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने जताया आक्रोश, की मुआवजे की मांग

### दुधारू थीं तीनों गायें, एक ने सप्ताहभर पहले ही बछड़े को दिया था जन्म

ग्राम की बरदी में जिन तीन गायों की मौत हुई, उनके स्वामियों का दुख घटना में छलक पड़ा। तीजूराम साहू के घर की महिलाएं अपनी गौ माता की मौत पर कर रो पड़ीं। वहीं, मोजीराम निषाद का 12 वर्षीय पुत्र भी अपने घर की गौ माता की इस प्रकार से मौत होने पर अपने आंसू नहीं रोक सका। तीसरे प्रभावित ग्रामीण रोहित निषाद के परिवार के सदस्य भी दुखी हैं। बता दें कि तीनों ही गाएं दुधारू थीं, वहीं तीजूराम साहू की गाय ने तो एक सप्ताह पहले ही बछड़े को जन्म दिया था। तीनों ही परिवारों में उनकी गाय उनके परिवार के सदस्य की तरह थी। ग्रामीणों ने मामले में तीनों प्रभावित परिवारों को मुआवजा देने की मांग की है।

# अर्जुंदा नगर पंचायत अध्यक्ष प्रणेश सहित सभी 15 पार्षद आज लेंगे शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद



अर्जुंदा नगर पंचायत के नवनिर्वाचित अध्यक्ष प्रणेश जैन सहित सभी 15 पार्षद आज शपथ ग्रहण करेंगे। शपथ ग्रहण बाजार चौक में 12 बजे होगा।

पीस सालों में पांच चुनाव अलग-अलग वार्डों से लड़कर जीतने वाले प्रणेश जैन के शपथ ग्रहण समारोह को लेकर नगर में उत्साह का माहौल है। नगर अर्जुन्दा के लिए आज का दिन उत्सव की तरह रहने वाला है। अर्जुन्दा नगर के रहने वाले प्रणेश जैन बीते पचीस सालों से अपराजेय है। अर्जुंदा ग्राम पंचायत मे वर्ष 1999 में वार्ड 2 से उन्होंने पंच का चुनाव लड़ा और चुनाव जीतकर उपसरपंच बने। 2004 में चुनाव लड़कर पंच बनकर पुनः उपसरपंच बने। वर्ष 2008 में ग्राम पंचायत अर्जुन्दा को नगर पंचायत का दर्जा मिला, 2009 में वार्ड 13 से पार्षद चुनाव जीतकर उपाध्यक्ष बने। वर्ष 2014 में उन्होने वार्ड 14 से चुनाव लड़कर वार्ड पार्षद का चुनाव जीतकर उपाध्यक्ष बने। वर्ष 2019 में भाजपा ने फिर उनका वार्ड बदला एवं उन्हे वार्ड 12 से टिकट दी जहां से वे पुनः लगातार पांचवी बार चुनाव जीतकर पार्षद बने।

### बीजेपी से मांगा टिकट नहीं मिला तो निर्दलीय लड़ा चुनाव

लगातार 30 सालों से संगठन में सक्रिय रहने के कारण प्रणेश जैन ने भाजपा से नगर पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के लिए टिकट मांगा था, लेकिन संगठन ने उन्हें टिकट नहीं दिया। जनता की मांग पर प्रणेश जैन ने निर्दलीय नामांकन भरकर अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ा और जनता ने उन्हें सिर माथे पर बैठाया।

### जलाने से पहले पुलिस ने जब्त किया ईडी पुतला

**भिलाई।** भिलाई जिला कांग्रेस कमेटी ने ईडी की कार्रवाई के विरोध में ईडी की पुतला जलाने की कोशिश की। इस दौरान पुलिस ने पुतले को जप्त कर लिया। कांग्रेस के लोगों ने नारेबाजी की। प्रर्वतन निदेशालय ईडी द्वारा पार्टी संगठन पर किये जा रहे द्वेषपूर्ण कार्यवाही के विरोध में प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी,भिलाई के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर के नेतृत्व में यह प्रर्दशन आयोजित रहा।


पाठक सूचना

बालोद जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

9425559113, 9425565082

दल्लीराजहरा - 9993246100


# बाइक ने स्कूटी को मारी टक्कर, मां-बेटी घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

शनिवार की रात 8 बजे घोटिया मार्ग पर एक गैरेज के पास बाइक ने स्कूटी सवार मां-बेटी को टक्कर मार दी।

- शनिवार रात घोटिया मार्ग पर हुई दुर्घटना

दुर्घटना में स्कूटी चालक मां के चेहरे व सिर में चोटें में आई हैं, जिन्हें राहगीरों ने ईलाज के लिए शासकीय अस्पताल डौंडी पहुंचाया, जहां से उचित ईलाज के लिए हायर सेन्टर रिफर किया गया है। घायल अंजूलता के पिता ग्राम कांडे निवासी रोमन लाल साहू ने बताया कि मेरी बेटी अंजूलता निर्मलकर मथाई चौक डौंडी में किराये के मकान में रहकर ब्यूटी पार्लर का काम करती है। वह शनिवार को दुकान बंद कर गंगोलीडीह शादी कार्यक्रम में गई थी। शादी कार्यक्रम में शामिल होने के बाद अपनी बेटी मेघा के साथ स्कूटी क्रमांक सीजी 07 एके 9178 से वापस घर डौंडी आ रही थी। रात लगभग 8 बजे डौंडी घोटिया मार्ग पर मेन रोड के पास में पहुंची थी, तभी डौंडी की ओर से जा रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 1316 के चालक ने तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक मोटर सायकल को चलाते हुए स्कूटी को सामने से ठोकर मार दी। घटना के बाद शनिवार को ही थाना डौंडी में शिकायत दर्ज कराई गई है।


online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर

स्लीपर मात्र 20,500/-

By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)

27 अप्रैल, 30 अप्रैल, 03 मई, 8 मई, 11 मई, 14 मई,19 मई, 22 मई, 25 मई, 30 मई, 02 जून, 05 जून 2025

चार धाम यात्रा

श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश

11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क

चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।

राशिः-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)

Since-2007

श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति

RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road

संपर्क करें:-7354-411411



स्वामी जी-93406-38884

By Train- रिजर्वेशन कोच

रामेश्वरम धाम यात्रा

तिरूपति बालाजी, श्री रामेश्वरम, कन्याकुमारी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, त्रिवेन्द्रमपुरम केरला, मदुरै-माँ मिनाक्षी देवी, पद्मनादम् स्वामी, केरला, सुन्द्रेश्वर महादेव,

यात्रा दिनांक

10 दिन की यात्रा

राशिः स्लीपर- 18,501/-, 3AC-29,501/-

स्वामी तीर्थ यात्रा

संपूर्ण छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र राज्य में सबसे कम दरों पर तीर्थ यात्रा

91111-11866, 82757-57579

Head Office : सिटी सेंटर मॉल ग्राउण्ड फ्लोर पावर हाउस रोड कोरबा (छ.ग.)



प्रशिक्षित ड्राइवर मंथली/डेली बेसिस पर उपलब्ध है

नोट - हमारे द्वारा प्रशिक्षित ड्राइवर ये सारे पॉइंट फॉलो करते है।

1. गाड़ी चलते समय पान मसाला / सिगरेट का सेवन नहीं करते है।
2. एक बार में फ्रोन उठाते है, कॉल मिस होने पर कॉल बैक करते है।
3. प्रतिदिन गाड़ी की साफ सफाई करते है।
4. गाड़ी हमेशा सुरक्षित स्पीड में चलाते है।
5. ड्यूटी के दौरान यूनीफॉम में रहते है।

अधिक जानकारी के लिए स्कैन करें।

संपर्क करें- 7837411411

Rahul Travels One Way Taxi Pvt Ltd

Beside Raipur Airport

## पेज 9 के शेष

### पहले फायर ब्रिगेड ...

दहशत में थे। यहां बताना लाजिम होगी कि कई बार नशेड़ी भी नशे की हालत में बस स्टेशन के आसपास भटकते रहते हैं। वहीं, राहत की बात यह रही कि इसमें किसी व्यक्ति के जान का नुकसान नहीं हुआ। प्रत्यक्षदर्शियों और थाना प्रभारी से मिली जानकारी के अनुसार यह घटना दल्ली राजहरा के न्यू बस स्टेशन में लगभग 4 बजे की है। मनीष ट्रैवल्स की बस क्रमांक सीजी 04 बीपी 6100 शादी समारोह के लिए विशेष रूप से लाई गई थी। इस बीच बस में सो रहे व्यक्ति ने धुआं उठता महसूस किया और देखते ही बाहर निकलकर जान बचाई और लोगों को इसकी जानकारी दी। बताया जा रहा है कि इंजन की तरफ से आग लगी, जिससे पूरी बस जल गई। इस दौरान फायर ब्रिगेड को कॉल करने में समस्या आई, जिसके बाद बीएसपी (भिलाई स्टील प्लांट) के फायर ब्रिगेड को सूचना दी गई, जहां से पहुंचे दमकल वाहन से आग बुझाई गई।

### सड़क पार कर रही ...

के भीतर भी वाहन की गति को कम नहीं किया था। वाहन में हरी सब्जियां भरी हुई थीं। घटना की जानकारी मिलने पर थाना प्रभारी निरीक्षक तूलसिंह पट्टावी ने दल-बल के साथ पहुंचकर स्थिति को संभाला।

आरोप : अमानक स्तर के निर्माण को तोड़कर नए सिरे से बनवाने की मांग

# कोटागांव व्यपर्तन नहर लाइनिंग में अनियमितता का आरोप, भाजपा नेताओं ने रुकवाया काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| डौंडी

ब्लाक मुख्यालय पर स्थित कोटागांव से कामता तक सिंचाई विभाग डौंडी के माध्यम से ठेकेदार द्वारा बनाए जा रहे कोटागांव व्यपर्तन नहर लाइनिंग कार्य में भारी अनियमितता के आरोप लग रहे हैं। लगभग 2 करोड़ 25 लाख रूपए की लागत वाले इस कार्य में भारी अनियमितता की लेकर शनिवार को जिला प्रतिनिधि मनीष झा, भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक सहित किसानों ने कड़ा एतराज जताया है। इसके साथ ही जांच व कार्रवाई तथा अमानक निर्माण को तोड़कर नए सिरे से निर्माण की मांग करते हुए कार्य को रूकवा दिया गया है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि यह कार्य करोड़ों की राशि से किसानों के हित के लिए किया जा रहा था, लेकिन अमानक लाइनिंग के कारण यह कार्य सवालों के घेरे में आ गया है। ग्रामीण किसान बता रहे हैं कि उक्त कार्य में भारी अनियमितता के कारण निम्न स्तर का निर्माण हो रहा है। ठेकेदार मनमानी करते हुए नहर लाइनिंग के काम में गुणवत्ता को ताक पर रखकर काम करा रहा है। प्राक्कलन की अनदेखी कर अमानक स्तर के मटेरियल का उपयोग किया जा रहा है। वहीं, उन्होंने विभागीय अधिकारियों पर भी कार्यों के भौतिक सत्यापन में नियमों को दरकिनार करने का आरोप लगाया है। भाजपा मंडल डोंडी के पदाधिकारियों व किसानों ने अमानक नहर लाइनिंग कार्य को तोड़कर फिर से बनाए जाने की मांग की है। उनका कहना है कि छत्तीसगढ़ में विष्णु देव साय की सरकार द्वारा कराये जा रहे विकास हित के कार्यों में किसी भी प्रकार की अनियमितता डोंडी भाजपा मंडल बर्दाश्त नहीं करेगा। उक्त कार्य में मानक मटेरियल के उपयोग से किसानों के हितों की रक्षा की जा सके और उन्हें अच्छी सिंचाई सुविधा प्रदान की जा सके। इस मामले में भाजपा पदाधिकारियों ने संबंधित अधिकारियों से अनियमितता की जांच की मांग की है।



#### जांच कराई जाएगी

निर्माण कार्य स्थल पर शिकायत की जांच कराई जाएगी। यदि ठेकेदार इंच में कमी रखा है तो उसे सुधरवाया जाएगा।

**- एसके घीलेंद्र,** एसडीओ, डौंडी

### भर्राशाही में लिप्त लोगों पर कार्रवाई की मांग

इस संबंध में जिला प्रतिनिधि मनीष झा व भाजपा मंडल अध्यक्ष रूपेश नायक ने कहा कि निर्माण कार्यों में भारी अनियमितता बरती जा रही है। मोटाई 6 इंच की जगह 4 इंच बनाई जा रही है। इससे लग रहा है कि पहली ही बारिश में निर्माण कार्य दम तोड़ देगा। वहीं, आगे जो कंक्रीटीकरण हुआ है, उसमें पानी तराई नहीं की जा रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि हमारे पहुंचने के बाद टैंकर मंगाकर पानी डाला गया। उन्होंने घटिया निर्माण को तोड़कर नए सिरे से नियमतः निर्माण कार्य किए जाने की मांग की। उन्होंने साथ रहे कामता और खैरवाही के सरपंचों से भी कहा कि समय-समय पर नहर नाली निर्माण कार्य का निरीक्षण किया करें, भ्रष्टाचार को भाजपा बर्दाश्त नहीं करेगी। भर्राशाही कार्य के लिए संबंधित अधिकारी कर्मचारी के साथ साथ ठेकेदार पर भी सुनिश्चित रूप से कार्यवाही होनी चाहिए। यह कहते हुए निर्माण कार्य बंद करा दिया गया।

## मड़ियाकट्टा में प्रधानपाठक ने बच्चों को बताया हाथ धोने का सही तरीका



**डौण्डीलोहारा।** शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला मड़ियाकट्टा में राज्यपाल पुरस्कृत प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को साबुन से हाथ धुलाई करवा कर बच्चों को शपथ दिलाई। उन्होंने बच्चों को हाथ धोने का सही तरीका बताते हुए कहा कि हम स्वच्छता व संस्कार को अपनाएंगे। प्रधान पाठक दयालूराम पिकेश्वर ने बच्चों को हाथ धोने के फायदे बताते हुए इसे नियमित रूप से अपनाने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि खाना खाने से पहले और शौच से आने के बाद साबुन या हैंडवाश से हाथ अवश्य धोएं। इस अवसर शिक्षक परसराम साहू, दीनदयाल अटल, सुनील कुमार अलेन्द्र, नारदराम भुआर्य, भूमिका मोवाड़े सहित सभी बच्चे उपस्थित रहे।

## श्री कृष्ण-रूक्मिणी विवाह पर झूम उठे श्रद्धालु



**लाटाबोड़।** रविवार को कथा के सातवें दिवस ग्राम नेवारीकला में देवी गीतांजलि शर्मा ने महारास लीला का वर्णन किया। इसके साथ ही मथुरा गमन, कंस उद्धार तथा श्री कृष्ण-रूक्मिणी विवाह का वर्णन किया। श्री कृष्ण-रूक्मिणी विवाह पर पूरा गांव झूम उठा। इस अवसर पर सुन्दर झांकी निकाली गई। संध्याकालीन आरती के साथ कथा विश्राम किया गया।

# धनोरा में धूमधाम से मनाया गया शाकंभरी महोत्सव, पटेल समाज ने निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम पंचायत धनोरा में पटेल समाज द्वारा शाकंभरी महोत्सव एवं सामाजिक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पटेल समाज द्वारा सुबह से ही ग्राम की सभी गलियों की साफ-सफाई की गई, उसके बाद माता शाकंभरी की शोभायात्रा निकाली गई। इस अवसर पर पटेल समाज की महिलाओं एवं छोटे-छोटे बच्चों ने सिर पर कलश लेकर गाजे बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली।

कार्यक्रम में पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू मुख्य अतिथि के रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि





पटेल समाज संगठित होकर तेजी से सामाजिक जनों की जरूरतों को पूरा करने की दिशा में कार्य कर रहा है। समाज को सकारात्मक दिशा में आगे ले जाने में महत्वपूर्ण भागीदारी निभा रहा है। उन्होंने युवाओं एवं महिलाओं से भी संगठित होकर समाज को आगे बढ़ाने के लिए कार्य करने का आग्रह किया। कार्यक्रम को पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू के अलावा जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू, जितेन्द्र टंडन, गया राम पटेल, रुलेश्वरी बंजारे ने भी संबोधित किया।

कार्यक्रम के दौरान समाज में समाज की प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में यशवंत पटेल, नुमेन्दर मोहन पटेल, शेष नारायण रमेश पटेल, थैलेश प्रकाश रोमन कल्याण पटेल प्रदीप प्रन्मेशवर अवध रमेश पटेल रविश दीपक तानू राम जीवन कुंभकरण सहित 42 गांव से सामाजिक लोग उपस्थित थे।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा नि:शुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का
A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

HEALTH TOWN
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
● सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
● ऑपरेशन द्वारा ईलाज
● नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जॉच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
● टेड़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
● दांतो की नसों का इलाज
● दांतों की सफाई व चमकाना
● दंत प्रत्यारोपण
● मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




नगर पंचायत अर्जुंन्दा
के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
प्रणेश बबलू जैन
एवं समस्त पार्षदों का
प्रणेश जैन
अध्यक्ष - नगर पंचायत अर्जुंन्दा
शपथ ग्रहण समारोह
03 मार्च 2025
दिन-सोमवार
समय-सुबह 10.30 बजे
स्थान - बाजार चौक, अर्जुंन्दा
लिलेश्वरी निषाद
पार्षद वार्ड क्रमांक 1
कोजम दास टंडन
पार्षद वार्ड क्रमांक 2
थिनेश्वरी रोमन सोनकर
पार्षद वार्ड क्रमांक 3
हेमलता ठेठवार
पार्षद वार्ड क्रमांक 4
गिरधर निषाद
पार्षद वार्ड क्रमांक 5
प्रशांत ठाकुर
पार्षद वार्ड क्रमांक 6
अनुभव शर्मा
पार्षद वार्ड क्रमांक 7
नूरेंद्र ठाकुर
पार्षद वार्ड क्रमांक 8
राजू लाल देवांगन
पार्षद वार्ड क्रमांक 9
कीर्ति ऊके
पार्षद वार्ड क्रमांक 10
भोलू गुमान यादव
पार्षद वार्ड क्रमांक 11
ईश्वर देवांगन
पार्षद वार्ड क्रमांक 12
अजय सिंह ठाकुर
पार्षद वार्ड क्रमांक 13
वंदना पारख
पार्षद वार्ड क्रमांक 14
हेमलता देवांगन
पार्षद वार्ड क्रमांक 15


कौशल साहू
भाजपा मंडल अध्यक्ष
रंजना साहू
पूर्व विधायक धमतरी
विरेन्द्र साहू
पूर्व विधायक
प्रीतम साहू
पूर्व विधायक
यशवंत जैन
पूर्व सदस्य राष्ट्रीय बाल संरक्षण आयोग नई दिल्ली
पवन साहू
पूर्व जिलाध्यक्ष
कृष्णकांत पवार
पूर्व जिलाध्यक्ष
राकेश यादव
पूर्व प्रदेश मंत्री
यज्ञदत्त शर्मा
पूर्व न.पालिका अध्यक्ष बालोद
नंद किशोर शर्मा
पूर्व न.पं. अध्यक्ष गुरूर
ईशा प्रकाश साहू
पूर्व ज.पं. अध्यक्ष गुरूर
लक्ष्मी साहू
नव निर्वाचित जि.पं. सदस्य
चंद्रिका गंजीर
नव निर्वाचित जि.पं. सदस्य
तेजराम साहू
नव निर्वाचित जि.पं. सदस्य
टुकेश्वर पाण्डेय
मंडल अध्यक्ष मिर्रीटोला
खेमलाल देवांगन
मंडल अध्यक्ष सनौद
चंद्रप्रकाश गांधी
पूर्व अध्यक्ष भाजयुमो गुरूर
नगर पंचायत परिषद गुरूर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष
श्री प्रदीप साहू जी एवं पार्षद गणों का
शपथ ग्रहण समारोह
शपथ ग्रहण- दोपहर 2.00 बजे
दिनांक- 03 मार्च 2025, सोमवार
स्थान- नगर पंचायत परिसर गुरूर
प्रदीप साहू
नवनिर्वाचित अध्यक्ष
राकेश दीवान
वार्ड क्रमांक- 01
चितानंद साहू
वार्ड क्रमांक- 02
भूपेश (सोनू) मोहले
वार्ड क्रमांक- 3
कुन्ती ताम्रध्वज सिन्हा
वार्ड क्रमांक- 4
अनुसुईया ध्रुव
वार्ड क्रमांक- 5
महिमा (रेणु) भूपेन्द्र साहू
वार्ड क्रमांक- 6
चन्द्रलता साहू
वार्ड क्रमांक- 7
कमलेश ओझा
वार्ड क्रमांक- 8
तृप्ती यादव
वार्ड क्रमांक- 09
अनाराम यादव
वार्ड क्रमांक- 10
गिरधर ठाकुर
वार्ड क्रमांक- 11
बिन्दा भागवत यादव (अंजली)
वार्ड क्रमांक- 12
जितेश्वरी निषाद
वार्ड क्रमांक- 13
मधु जगदल्ले
वार्ड क्रमांक- 14
नारायण टेके
वार्ड क्रमांक- 15
रामेश्वर लावत्रे
प्रीतम कुमार साहू
मधुसुदन सोनवानी